# द हर्शे कंपनी
# मानवाधिकार नीति

## नीति

द हर्शे कंपनी (The Hershey Company) ("हर्शे") को 125 साल पहले, अच्छा काम करके कल्याण करने के सिद्धांत पर स्थापित किया गया था, हमने अपने व्यवसाय को इस समझ पर चलाया है कि हम उन समुदायों के अभिन्न सदस्य हैं, जहां हम रहते और काम करते हैं।

लोगों के उल्लेखनीय और विविध समूह जो हर्शे के लिए काम करते हैं और वे व्यक्ति जो हमारी मूल्य श्रंखला में हिस्सा लेते हैं, हमारे सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक हैं। हम समानता और भेदभाव रहित व्यवहार के सिद्धांतों में विश्वास करते हैं, और सभी व्यक्तियों के साथ सम्मान व गरिमा के साथ व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और हमारी पूरी मूल्य श्रंखला में शामिल लोगों के लिए अवसरों को बढ़ावा देने के लिए हमारे प्रभाव और व्यावसायिक संबंधों को उपयोग करने के लिए काम करते हैं, जिससे कि वे बुनियादी मानवाधिकारों का उपयोग कर सकें व आनंद ले सकें। हम मानवाधिकारों और पर्यावरण की परस्पर निर्भरता का भी सम्मान करते हैं - विशेष रूप से इसलिए क्योंकि ये जमीन और प्राकृतिक संसाधनों और उन लोगों के महत्व से संबंधित है जिनकी आजीविका उन सामग्रियों पर निर्भर करती है जो हमारे साधन हैं। हम इसे व्यापार और मानव अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांत (UNGP) और संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट और सतत विकास लक्ष्य के अनुसार करने का प्रयास करते हैं।

द हर्शे कंपनी (The Hershey Company) की मानवाधिकार नीति हमारी पूरी मूल्य श्रंखला के मानवाधिकारों के सम्मान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है और हमारी ग्लोबल स्थिरता रणनीति, साझा भलाई का वादा का हिस्सा है। हमारी नीति अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार बिल द्वारा निर्देशित है जिसमें मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा; नागरिक तथा राजनीतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय प्रण; आर्थिक, सामाजिक, और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय प्रण; और काम पर बुनियादी सिद्धांतों और अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की घोषणा शामिल हैं। अपनी मानवाधिकार नीति का विकास करते समय, हमने विविधतापूर्ण हितधारकों से इनपुट मांगा था, जिसमें श्रम व गैरलाभकारी संगठनों के प्रतिनिधि, हमारे आपूर्तिकर्ता, निवेशक, और सरकारी इकाइयां शामिल थे। हम अपने कर्मचारियों और जनता से मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को 10 भाषाओं में उपलब्ध हमारी आचार संहिता के साथ ही हमारी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता, हमारी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीतियों, और विविधता व समावेशन नीतियों व प्रतिबद्धताओं के माध्यम से बताते व जताते हैं, जिनमें अन्य के साथ हमारी भेदभाव और उत्पीड़न रोकथाम नीति भी शामिल है।

## प्रतिबद्धता का स्कोप

हमारी मानवाधिकार नीति द हर्शे कंपनी (The Hershey Company) के सभी कर्मचारियों पर लागू होती है जिसमें अंशकालिक और अस्थायी कामगारों के साथ-साथ स्वतंत्र रूप से काम करने वाले ठेकेदार भी शामिल हैं। मानवाधिकारों का सम्मान करने की हमारी प्रतिबद्धता हमारी सारी मूल्य श्रंखला में शामिल लोगों पर भी व्याप्त होती है, और हम अपने संबंधों को अपने सह-विनिर्माताओं, स्वतंत्र आपूर्तिकर्ताओं, और दूसरे व्यापार साझीदारों के साथ उनके नेटवर्कों पर इस नीति को प्रोत्साहित करने व बढ़ावा देने के लिए उपयोग करते हैं।

एक कंपनी के रूप में, हम अपने परिचालन वाले बाज़ारों के कानूनों का पालन करते हैं। जहां पर स्थानीय कानून हमारी नीतियों और अंतरराष्ट्रीय रूप से तय मानवाधिकारों और रोज़गार मानकों से कम कठोर हैं वहां पर हम अधिक कठोर नीतियों और मानकों से मार्गदर्शित होते हैं और अपने आपूर्तिकर्ताओं को उन मानकों व सिद्धांतों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम अपने सह-विनिर्माताओं और स्वतंत्र आपूर्तिकर्ताओं को उनके व्यावसायिक संचालनों में समान नीतियों को अपना कर और इन मूल्यों को बनाए रख कर हमारी प्रतिबद्धता और मानकों को साझा करने की अपेक्षा करते हैं और, जहां संभव हो, ऐसा करने की क्षमता को विकसित करने के लिए उनके साथ काम करते हैं। हमारी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता इस प्रतिबद्धता को प्रबलित और स्पष्ट करती है।

## फोकस व प्रमुख मुद्दे

हम अंतरराष्ट्रीय रूप से पहचाने गए सभी मानवाधिकारों और प्रबंधन नीतियों तथा इन अधिकारों, सिद्धांतों और संबंधित मामलों को कवर करने वाली सतत प्रक्रियाओं का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मानवाधिकारों के प्रति हमारा दृष्टिकोण इस समझ के साथ शुरु होता है कि हमारे उत्पाद, व्यावसायिक गतिविधियां और परिचालन अधिकारधारकों को सकारात्मक व नकारात्मक दोनों रूपों में प्रभावित कर सकते है। हम उन मानवाधिकार मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो हमारे व्यवसाय के लिए सबसे प्रमुख हैं - जिनको UNGP के अनुपालन में 2018 में आयोजित औपचारिक मानव अधिकार प्रमुखता मूल्यांकन के माध्यम से तय किया गया था। हमारे द्वारा पहचाने गए अधिक व्यापक मानव अधिकार मामलों में, हमारी प्रमुखता प्रक्रिया ने प्राथमिकता तय की (वर्णमाला क्रमानुसार):

- शिकायत तंत्र तक पहुंच
- पानी और स्वच्छता तक पहुंच
- बाल श्रम
- जलवायु परिवर्तन
- जंगलों की कटाई
- बंधुआ मजदूरी और मानव तस्करी
- जमीन के अधिकार और अधिग्रहण
- निर्वाह मजदूरी और आय
- सुरक्षा और स्वास्थ्य
- महिलाओं के अधिकार और सशक्तीकरण

इन मामलों की प्राथमिकता के निर्धारण में, हमने देखा कि अपनी असुरक्षा या हाशिये पर होने की स्थिति के कारण कुछ समूह नकारात्मक मानव अधिकारों के अधिक जोखिम में हो सकते हैं। इसके अलावा, जबकि हर्शे सामान्य प्रोग्रामों और नीतियों के माध्यम से इन मुद्दों का समर्थन करेगी, हमने महसूस किया है कि इन मामलों को पूरी तरह से संबोधित करने के लिए, विभिन्न समूहों या परिस्थितियों के लिए हर्शे विभिन्न प्रकार के समर्थन, सुधार की रणनीतियां, या शिकायत तंत्र तक पहुंच के विभिन्न प्रकारों को कार्यान्वित कर सकती है।

अंत में, हर्शे यह समझती है कि दूसरे मामले समय के साथ महत्वपूर्ण हो सकते हैं। हम इन मुद्दों की पहचान करने की अपनी प्रतिबद्धता और संभावित मानवाधिकार जोखिमों को प्रतिक्रिया देने के लिए उपयुक्त कार्रवाई करने में दृढ़ बने हुए हैं। इन बदलावों को पकड़ने के लिए हम बाहरी हितधारकों के साथ अपने संबंधों और नियमित चर्चा का लाभ लेते हैं और हर्शे स्थिरता स्टीयरिंग कमेटी के साथ अपने फोकस क्षेत्रों की अर्धवार्षिक समीक्षा करते हैं।

## कार्यान्वयन और सहयोग

हमारी मूल्य श्रृंखला के हितधारकों पर वास्तविक और संभावित विपरीत मानवाधिकार प्रभावों के अग्रसक्रिय आंकलन, पहचान, रोकथाम और न्यूनीकरण के लिए अपने पूरे व्यवसाय में यथोचित परिश्रम करते हैं। हम उन जगहों की पहचान के लिए भी यथोचित परिश्रम को एक तरीके के रूप में उपयोग करते हैं जहां पर हम लोगों की उनके बुनियादी मानवाधिकारों को जीने व उपयोग करने की क्षमता को बेहतर रूप से समर्थन व बढ़ावा दे सकते हैं। जिन यथोचित परिश्रम टूल्स का उपयोग हम करते हैं उनमें मानवाधिकार प्रभाव मूल्यांकन, सामाजिक अनुपालन ऑडिट, और कानूनी व विनियामक अनुपालन समीक्षाएं शामिल हैं लेकिन ये इन तक ही सीमित नहीं हैं। जब हमारी व्यावसायिक गतिविधियों या हमारे परिचालनों से जुड़े होने के कारण जब विपरीत मानवाधिकारी प्रभाव दिखते हैं तो हर्शे, UNGP के अनुरूप उउचित और न्यायसंगत तरीके से सुधार के लिए समय पर और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, शिकायत तंत्र, जिसमें हमारी एक स्वतंत्र तृतीय पक्ष द्वारा संचालित चिंता लाइन शामिल है, हमारी पूरी मूल्य श्रृंखला में सभी लोगों के लिए उपलब्ध है।

हर्शे किसी ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिकार नहीं करती है या प्रतिशोध की अनुमति नहीं देती है जो कारपोरेट गतिविधियों के बारे में नेक इरादे से सवाल उठाता या चिंताओं को जताता है, हम इन मुद्दों की गहनता से जांच करने और उपयुक्त प्रतिक्रियाएं व समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## कार्यान्वयन और सहयोग जारी

अंततः मानवाधिकारों के लिए हमारी प्रतिबद्धता में कुछ ऐसी बुनियादी परिस्थितियों का बदलाव करने वाले प्रोग्रामों के निर्माण और निवेश शामिल है जो विपरीत मानवाधिकारों के प्रभावों में योगदान करते हैं। गैर-लाभकारी संगठनों, स्थानीय समुदाय आधारित संगठनों के साथ हमारी साझीदारियां और पूर्व-प्रतिस्पर्धी उद्योग साझीदारियां इन प्रयासों को सूचित करने व लागू करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। अपनी प्रतिबद्धताओं को आगे ले जाने के लिए हमारे द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, हमारी CSR रिपोर्ट देखें और हमारे भले के लिए कोको रणनीति के बारे में और पढ़ें।

## शासन और जवाबदेही

मानवाधिकारों के लिए सम्मान हमारी ग्लोबल स्थिरता रणनीति, साझा भलाई के वादे का अभिन्न अंग है और हम अपने प्रयासों के सापेक्ष प्रगति को अपनी वार्षिक CSR रिपोर्ट के साथ-साथ अपनी वेबसाइट में रिपोर्ट करते हैं। मानवाधिकारों के प्रबंधन का उत्तरदायित्व ग्लोबल स्थिरता टीम का है, जिसमें सारे व्यवसायों के वरिष्ठ लीडर शामिल होते हैं और जिसका नेतृत्व ग्लोबल स्थिरता के वरिष्ठ निदेशक करते हैं। मानवाधिकारों सहित हमारे स्थिरता प्रयासों को सीधे स्थिरता स्टीयरिंग कमेटी द्वारा देखा जाता है, जिसमे सभी प्रमुख व्यावसायिक फंक्शनों के उपाध्यक्ष शामिल होते हैं। मानवाधिकारों के लिए परम निरीक्षण हमारे बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और हमारी कार्यकारी समिति (जिसमें CEO व CEO को सीधे रिपोर्ट शामिल हैं) में निहित है, जिसे क्रमशः वार्षिक व अर्ध-वार्षिक रूप से सूचित किया जाता है।

*मिशेल बक*
*द हर्शे कंपनी (The Hershey Company) की प्रेसीडेंट और CEO*

*द हर्शे कंपनी (The Hershey Company) के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित, फरवरी 2019*